कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि.
E.S.I.C.

मुख्यालय/Headquarters
पंचदीप भवन, सी.आई.जी. मार्ग, नई दिल्ली-110002
Panchdeep Bhawan, C.I.G. Marg, New Delhi-110 002
Phone: 011-23234092/93/98
Website : www.esic.nic.in / www.esic.in

सत्यमेव जयते

फा. सं. ई-13/12/05/2021-ज.सं. दिनांक : 01.04.2021

## प्रेस प्रकाशनी

## श्री मुखमीत एस. भाटिया, भा.प्र.से., ने क.रा.बी.निगम (ई.एस.आई.सी.) के महानिदेशक पद का कार्यभार ग्रहण किया

**श्री मुखमीत एस. भाटिया,** भा.प्र.से. ने श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन **कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ई.एस.आई.सी.) के महानिदेशक** के पद पर नई दिल्ली में स्थित इसके **मुख्यालय में दिनांक 01.04.2021** को कार्यभार ग्रहण किया है।

श्री भाटिया झारखंड संवर्ग के 1990 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी हैं। इससे पूर्व, वे आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार में अपर सचिव के रूप में कार्य कर चुके हैं। इनके पास शासन और जिला एवं राज्य स्तर के संगठनों के प्रबंधन का व्यापक अनुभव है। वे झारखंड सरकार में श्रम एवं रोजगार और महिला एवं बाल विकास विभाग में प्रधान सचिव के रूप में भी सेवाएं प्रदान कर चुके हैं।

श्री भाटिया मद्रास विश्वविद्यालय से डिफेंस एंड स्ट्रेटेजिक स्टडीज में एम.फिल, मैनेजमेंट स्टडीज संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री तथा हार्वर्ड विश्वविद्यालय, कैम्ब्रिज, संयुक्त राज्य अमेरिका से अंतर्राष्ट्रीय विकास में विशेषज्ञता रखते हैं। वे पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज, चंडीगढ़ से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं। इन्हें शासन और सामाजिक सुरक्षा पर विभिन्न शोधपत्र तैयार करने का श्रेय प्राप्त है।

******